University in News on 13 January 2025

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू के दो खिलाड़ियों को मिली पांचवीं और सातवीं रैंक

जूडो

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नॉर्थ ईस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता नौ से 12 जनवरी तक हुई। प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम ने हिस्सा लिया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए सुशांत राय ने 100 किग्रा भार पुरुष वर्ग में एवं खुशी कश्यप ने 78 किग्रा भार महिला वर्ग में क्रमशः पांचवी एवं सातवीं रैंक हासिल की। इसके साथ ही ऑल इंडिया जूडो प्रतियोगिता में क्वालीफाई किया।

यह दोनों खिलाड़ी ऑल इंडिया जूडो प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका आयोजन गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में 15 जनवरी से 18 जनवरी तक होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रोफेसर अजय कुमार आर्य ने बताया कि नॉर्थ जोन भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में हुआ। जिसमें अंकित वर्मा ने 55 किलो ग्राम भार वर्ग में ऑल इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने शुभकामनाएं दीं।

भारत व तजाकिस्तान में शिक्षा पर चर्चा

लखनऊ। तजाकिस्तान दूतावास के चार्ज डी अफेयर्स हबीबल्लो मिजोडोजा ने रविवार को नई दिल्ली में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर आलोक कुमार राय और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इसके बाद काफी देर तक चली बैठक में भारत और तजाकिस्तान के बीच शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाने पर चर्चा हुई।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

ताजिकिस्तान से बढ़ेगा शैक्षिक सहयोग

लखनऊ। ताजिकिस्तान दूतावास के चार्ज डी अफेयर्स हबीबल्लो मिर्जोडोजा से रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार राय ने दिल्ली जाकर मुलाकात की। इस दौरान भारत और ताजिकिस्तान के बीच शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाने को लेकर चर्चा हुई। प्रो. राय ने बताया कि अकादमिक और सांस्कृतिक सहयोग से दोनों देशों के बीच शैक्षिक तंत्र विकसित करने को लेकर कार्ययोजना तैयार होगी। प्रो. राय ने बताया कि इस दौरान भारतीय और ताजिक संस्कृतियों के बीच समानताओं पर भी चर्चा हुई। ताजिकिस्तान दूतावास के हबीबल्लो मिर्जोडोजा ने कहा कि बैठक से दोनों देशों के बीच शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

मस्तिष्क कैसे करता है काम, जानेंगे विद्यार्थी

अखिल सक्सेना • जागरण

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से एम.एससी बायो केमिस्ट्री करने वाले छात्र-छात्राएं मनुष्य के मस्तिष्क की संरचना से लेकर उसकी कार्यप्रणाली एवं कार्यों के बारे में विस्तार से पढ़ सकेंगे। इसमें मस्तिष्क पर हुए अब तक के विभिन्न शोध अध्ययन के विषय में बताया जाएगा। बायो केमिस्ट्री विभाग ने परास्नातक एक और दो वर्षीय कोर्स में पहली बार 'न्यूरो बायोकेमिस्ट्री' पेपर को शामिल किया है। बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इस पर मुहर लग गई है। नए सत्र से विद्यार्थी इलेक्टिव पेपर के रूप में इसका चयन कर सकेंगे।

विभागाध्यक्ष के अनुसार एम.एससी बायो केमिस्ट्री कोर्स में पहली बार न्यूरो बायोकेमिस्ट्री इलेक्टिव (विकल्प के रूप में) पेपर जोड़ा गया है। यह दो क्रेडिट का होगा। इस पेपर को जोड़ने की आवश्यकता इसलिए भी हुई क्योंकि अभी तक 20 प्रतिशत लोग ही मस्तिष्क के बारे में ठीक से जान सके हैं। इस कोर्स में मस्तिष्क के सोचने की तंत्रिका शक्ति, उसकी संरचना, कार्य करने के तरीके से लेकर अब तक हुए शोध से जुड़े तथ्यों को विस्तार से पढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब दो साल का पीजी कोर्स 80 क्रेडिट का हो गया है। कोर पेपर चार क्रेडिट के होंगे।



लवि के बायो केमिस्ट्री विभाग ने पीजी कोर्स में शामिल किया न्यूरो बायोकेमिस्ट्री पेपर, बोर्ड आफ स्टडीज में लगी मुहर

रसायन विज्ञान विभाग में भी पीजी कोर्स पास

एम.एससी रसायन विज्ञान का एक और दो वर्षीय कोर्स बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में पास हो गया है। पीजी एक साल का कोर्स अब 40 क्रेडिट और दो साल का 80 क्रेडिट का होगा। अभी तक इंटर डिपार्टमेंटल तीसरे सेमेस्टर में पढ़ाया जाता था, अब उसे दूसरे सेमेस्टर में हो गया है।

एआइ और साइबर सिक्योरिटी में ले सकेंगे विशेषज्ञता: एम.एससी कंप्यूटर साइंस में छात्र-छात्राएं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और साइबर सिक्योरिटी में विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगे। यह सुविधा परास्नातक के एक वर्षीय पाठ्यक्रम में मिलेगी। कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डा. पुनीत मिश्रा ने बताया कि नए सत्र से पहली बार एक वर्षीय एम.एससी कंप्यूटर साइंस कोर्स शुरू होगा। इसमें छात्र-छात्राएं साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगे। इस क्षेत्र में रोजगार की दृष्टि से यह काफी मददगार होगा। अभी तक दो साल के एम.एससी के इस कोर्स में चौथे सेमेस्टर में इलेक्टिव पेपर के रूप में दो विकल्प दिए जाते थे। इनमें से एक पेपर लेना होता था। कोर्स में इंडस्ट्री के सहयोग से प्रोजेक्ट दिए जाएंगे, जिसके अनुभव से उन्हें प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त होंगे।

पीजी डिप्लोमा की परीक्षाएं 18 से

- विश्वविद्यालय ने जारी किया दो कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम
- एम.एससी बायो स्टैटिस्टिक की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 को

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के दो डिप्लोमा कोर्सों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैब्लिटेशन प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर, बैक, इम्प्रूवमेंट, एग्जम्प्टेड) और पीजी डिप्लोमा इन सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइट्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 18 से 25 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी।

इन परीक्षाओं की विस्तृत समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से छात्र-छात्राएं डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा का समय दोपहर 1:30 से शाम 4:30 बजे तक रहेगा। वहीं, लवि ने मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस (एमलिब), बैचलर आफ लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस (बीलिब) परीक्षाओं की संशोधित समय सारिणी भी जारी कर दी है।

प्रयोगात्मक परीक्षा 29 को : लवि के सांख्यिकी विभाग एम.ए और एम.एससी बायो स्टैटिस्टिक प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 जनवरी को आयोजित करेगा। परीक्षा का समय सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक रहेगा। विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद एच सिद्दीकी ने सूचना जारी की।

पीजी योग परीक्षा की संशोधित समय सारिणी जारी : लवि ने एम.ए, एम.एससी योग विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी में संशोधन कर दिया है। अब प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 25 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 27 तक होंगी।

THE PIONEER PAGE 2

Tajik Embassy hosts LU delegation

Lucknow (PNS): Habib Mirzodoza, the Charge d'Affaires of the Embassy of Tajikistan, welcomed the Vice-Chancellor of Lucknow University, Prof Alok Kumar Rai, and his delegation at the Tajik Embassy in New Delhi. This was followed by a meeting during which they deliberated on steps to strengthen educational ties between India and Tajikistan, particularly in the realm of education.

Rai briefed the charge d'affaires about the upcoming visit of a delegation from Lucknow University to Tajikistan. The delegation aims to explore opportunities for academic collaboration, cultural exchange, and building connections between students and academia in both countries' educational ecosystems.

The discussion also delved into the rich cultural heritage and cuisine of both nations. Rai highlighted the similarities between Indian and Tajik cultures, emphasising the importance of cultural exchange programmes in fostering greater understanding and cooperation. The meeting served as a precursor to the LU delegation's visit to Tajikistan, which is expected to take place on Monday. The Ministry of Education of the Republic of Tajikistan will welcome the delegation in Dushanbe and will coordinate the visit of the LU delegation to Tajikistan, the charge d'affaires said.

"It was quite a successful and productive meeting. Our deliberations on academic and cultural dialogues have been fruitful. This adds not only to the academic and cultural bonds between the two academic cultures but also strengthens the relations between the two nations in general," Mirzodoza said.

As part of a series of meetings, the delegation also met the Vice Rector for International Relations at the International University of Tourism and Entrepreneurship of Tajikistan, Jabarov Fathullo Amrievich, and Professor Umarov Mohammed Umarovich of Tajik National University. They discussed the prospects for collaborations and partnerships in dual degree programmes.

PIONEER PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी 15 जनवरी को

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सांस्कृतिकी ने रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के प्रोत्साहन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर मनुका खन्ना, प्रति कुलपति, द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उन्होंने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए अपने विचार साझा किए। प्रोफेसर अंचल श्रीवास्तव, निदेशक सांस्कृतिकी, ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। हालांकि वर्तमान में विश्वविद्यालय में चल रही परीक्षाओं के कारण प्रतियोगिताएं जैसे वाद-विवाद, आशुकथन और निबंध लेखन 15 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएंगी। ये प्रतियोगिताएं छात्रों को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और विचारधारा को समझने और अपनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेंगी। आयोजन में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी, और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, जिन्होंने ठंडी और बारिश भरे मौसम के बावजूद अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के विश्वविद्यालय के प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस आयोजन ने युवाओं को प्रेरित करने और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ताजिकिस्तान शैक्षिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान करेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ताजिकिस्तान दूतावास के चार्ज डी अफेयर्स, हबीबल्लो मिर्जोडोजा ने रविवार को नई दिल्ली में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर आलोक कुमार राय और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इसके बाद काफी देर तक चली बैठक में भारत और ताजिकिस्तान के बीच शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान, प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने चार्ज डी अफेयर्स हबीबल्लो को विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के ताजिकिस्तान यात्रा के ब्लूप्रिंट की जानकारी दी, और बताया कि द्विपक्षीय अकादमिक और सांस्कृतिक सहयोग के दृष्टगत यह प्रतिनिधिमंडल शैक्षिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और दोनों देशों के शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र के बीच छात्रों और शिक्षाविदों के संबंधों के अवसरों पर चर्चा,विमर्श करके कार्ययोजना बनाएगा। दोनों देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रहन सहन और व्यंजनों पर भी चर्चा हुई। प्रोफेसर राय ने भारतीय और ताजिक संस्कृतियों के बीच समानताओं पर प्रकाश डाला और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया जो आपसी सहयोग एवं सामंजस्य के कारक हो सकते हैं। चार्ज डी अफेयर्स ने बताया कि यह बैठक लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल की ताजिकिस्तान यात्रा से पहले एक महत्वपूर्ण कदम है। यह यात्रा दोनों देशों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए एक मंच प्रदान करेगी,जहां वे सार्थक संवाद में शामिल हो सकते हैं, ज्ञान तकनीकी एवं कौशल साझा कर सकते हैं और भविष्य के सहयोग के अवसरों का पता लगा सकते हैं।

बनी कार्ययोजना, बढ़ेगा शैक्षिक सहयोग

जासं • लखनऊ : लवि व ताजिकिस्तान के साथ शैक्षिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान प्रदान व दोनों देशों के शैक्षिक परिस्थितिकी तंत्र के बीच विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों के संबंधों पर चर्चा करके कार्ययोजना बनाएगा। इसके लिए लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ नई दिल्ली पहुंचे, जहां ताजिकिस्तान दूतावास के चार्ज डी अफेयर्स हबीबल्लो मिर्जोडोजा ने उनका स्वागत किया।

बैठक में भारत और ताजिकिस्तान के बीच शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाने, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रहन-सहन और व्यंजनों पर भी चर्चा हुई। प्रो. आलोक कुमार राय ने चार्ज डी अफेयर्स हबीबल्लो को ताजिकिस्तान यात्रा के ब्लूप्रिंट की जानकारी दी। कुलपति ने बताया कि वे ताजिकिस्तान में अपने पूर्व छात्रों से भी मिलेंगे। उनके नियोजन एवं अन्य परियोजनाओं पर भी विमर्श करेंगे।

ताजिकिस्तान दूतावास चार्ज डी अफेयर्स हबीबल्लो मिर्जोडोजा ने नई दिल्ली स्थित दूतावास में लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का स्वागत किया • लवि

चार्ज डी अफेयर्स ने बताया कि यह बैठक लवि के प्रतिनिधिमंडल की ताजिकिस्तान यात्रा से पहले एक महत्वपूर्ण कदम है। यह यात्रा दोनों देशों के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए एक मंच प्रदान करेगी। ताजिकिस्तान पहुंचने पर वहां के शिक्षा मंत्रालय द्वारा दुशांबे में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर आगे की रूपरेखा से अवगत कराएंगे।

आर्थिक मुद्दों पर हुई चर्चा : दूतावास में चली बैठकों में कुलपति और उनके प्रतिनिधिमंडल से ताजिकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और उद्यमिता विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए उप रेक्टर जबारोव फथुल्लो अमरीविच ने मुलाकात कर अपने विश्वविद्यालय आने एवं द्विपक्षीय अकादमिक संबंध स्थापित करने का न्योता दिया।

लवि में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ 'संस्कृतिकी' ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्कृतिकी की निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में लवि में चल रही परीक्षाओं की वजह से इस अवसर पर वाद-विवाद, आशुकथन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं 15 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। ये प्रतियोगिताएं छात्रों को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और विचारधारा को समझने का अवसर प्रदान करेंगी।

मना राष्ट्रीय युवा महोत्सव : डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जन्म तिथि के अवसर पर स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया। इसका शुभारंभ पुस्तकालय में उनकी प्रतिमा के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। डायरेक्टर शोध एवं विकास प्रो. अश्वनी दुबे, डीन आर्ट प्रो. अवनीश पंडे, प्रो. पंडित राजीवनयन मौजूद रहे। प्रो. वरणवीर वीरेंद्र ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में एक सप्ताह तक कार्यक्रम होंगे।

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीरेंद्र शर्मा, डा. अंशी शुक्ला व अन्य ने पुष्पांजलि अर्पित की • सौजन्य से लवि

'युवाओं पर है राष्ट्र के सुनहरे भविष्य की जिम्मेदारी' थीमबेस्ड 'स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती' और 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर कार्यवाहक कुलपति प्रो. एसके द्विवेदी ने कहा कि युवा शक्ति के कंधों पर राष्ट्र के सुनहरे भविष्य की जिम्मेदारी होती है। इसलिए युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण करते हुए देशहित में कार्य करना चाहिए। कैप्टन (डा.) राजराजी के संचालन कार्यक्रम में कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. यूवी किरण, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नरेंद्र कुमार, श्रेष्ठ भारत समिति के नोडल अधिकारी प्रो. नवीन कुमार अंगेड़, डा. पवन चौरसिया व डा. मनोज डडवाल शामिल हुए।

'स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को हमेशा शान से जीने की दी प्रेरणा : भारत समृद्धि की ओर से 'पंचतत्व' कलब में आयोजित संगोष्ठी में आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के पेयरमैन रौनेंद्र दुबे ने कहा अदम्य साहसी और विलक्षण पराक्रमी स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को हमेशा शान से जीने की प्रेरणा दी। इसी कारण उनकी जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। सर्वजन हिताय संरक्षण समिति की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी के संचालन में आयोजित संगोष्ठी में कुसुम बत्रा, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्यामजी त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह विभाग संपालक ओम प्रकाश मौजूद रहे।

SWATANRA BHARAT PAGE 4

लविवि की महिला व पुरुष टीम जूडो प्रतियोगिता में क्वालीफाई

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक राय की प्रेरणा से लविवि की जूडो एवं भारोत्तोलन टीम ने क्रमशःगुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर एवं लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में प्रतिभाग किया। गुरु नानक देव विवि अमृतसर में नॉर्थ ईस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 12 जनवरी तक किया गया। इस प्रतियोगिता में लविवि की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम ने हिस्सा लिया और अपना अच्छा प्रदर्शन करते हुए सुशांत राय ने 100 किलो ग्राम भार पुरुष वर्ग में एवं खुशी कश्यप ने 78 किलो ग्राम भार महिला वर्ग में क्रमशः पांचवी एवं सातवीं रैंक हासिल की तथा ऑल इंडिया जूडो प्रतियोगिता में क्वालीफाई किया। यह दोनों खिलाड़ी ऑल इंडिया जूडो प्रतियोगिता में लविवि का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका आयोजन गुरु नानक देव विवि अमृतसर में 15 जनवरी से 18 के बीच होना सुनिश्चित हुआ है। उक्त बातें,लविवि क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो.अजय कुमार आर्य ने कहीं। प्रो अजय ने बताया कि लविवि के क्रीड़ा परिषद के जूडो क्लब के अध्यक्ष डॉ.एसए अल्वी के मार्गदर्शन में टीम का चयन किया गया। वहीं, दूसरी ओर नॉर्थ जोन भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन लवली प्रोफेशनल विवि चंडीगढ़ पंजाब में 9 से 12 जनवरी के बीच हुआ। जिसमें लविवि के खिलाड़ी अंकित वर्मा ने 55 किलो ग्राम भार में ऑल इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। अंकित वर्मा लवली प्रोफेशनल विवि में ऑल इंडिया भारोत्तलन प्रतियोगिता में 15 से 18 जनवरी के बीच में प्रतिभा करेंगे। भारोत्तोलन टीम का चयन लविवि के क्रीड़ा परिषद के भारोत्तोलन क्लब की अध्यक्ष डॉ.अलका कुमारी के निर्देशन में किया गया।

NBT PAGE 3

LU: फरवरी में आ जाएंगे परीक्षा परिणाम

परीक्षा और मूल्यांकन साथ-साथ

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** एलयू में बीस दिन बाद परीक्षा परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। इस बार परीक्षाएं देर से शुरू हुईं। ऐसे में परीक्षा और मूल्यांकन कार्य साथ-साथ हो रहा है। विवि में यूजी-पीजी समेत सभी डिप्लोमा व प्रफेशनल कोर्सों की परीक्षाएं चल रही हैं। वहीं, कई कोर्स ऐसे हैं, जिनकी आधी से ज्यादा कॉपियां भी जांच ली गई हैं। ऐसे में इस बार समय से पहले ही परीक्षा परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। विवि में हर साल नवंबर-दिसंबर में परीक्षाएं होती थीं, लेकिन इस बार परीक्षा फॉर्म भरने में देरी के कारण एक महीना देर से परीक्षाएं शुरू हुईं। ऐसे में समय से रिजल्ट जारी हो इसलिए मूल्यांकन कार्य पहले शुरू कर दिया गया है। विवि के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इस बार परीक्षा शुरू होने के साथ ही कुछ शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा में नहीं लगाई गई है। उनकी सीधी ड्यूटी मूल्यांकन में लगाई गई है। कोशिश है कि परीक्षा खत्म होते ही परिणाम जारी करने शुरू कर दिए जाएं।

AMRIT VICHAR PAGE 9

प्रतियोगिता में लविवि के छात्रों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुरु नानक देव विवि अमृतसर एवं लवली प्रोफेशनल विवि चंडीगढ़ में हुई प्रतियोगिताएं
- जूडो और भारोत्तोलन में लविवि के छात्रों ने हासिल की 5वीं और 7वीं रैंक

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की जूडो एवं भारोत्तोलन टीम ने क्रमशः गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर एवं लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं में प्रतिभाग किया। टीम के बेहतर प्रदर्शन पर कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने सराहना की है।

लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रोफेसर अजय कुमार आर्य ने बताया कि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नॉर्थ ईस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 12 जनवरी तक किया गया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम ने हिस्सा लिया और सुशांत राय ने 100 किलोग्राम भार पुरुष वर्ग में एवं खुशी कश्यप ने 78 किलोग्राम भार महिला वर्ग में क्रमशः पांचवी एवं सातवीं रैंक हासिल की। यह दोनों खिलाड़ी ऑल इंडिया जूडो प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका आयोजन गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में 15 से 18 के बीच होना सुनिश्चित हुआ है।

वहीं दूसरी ओर नॉर्थ जोन भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय चंडीगढ़ पंजाब में 9 से 12 के बीच हुआ। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के खिलाड़ी अंकित वर्मा ने 55 किलोग्राम भार में ऑल इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। अंकित वर्मा लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया भारोत्तलन प्रतियोगिता में 15 से 18 के बीच में प्रतिभा करेंगे।

वर्तमान से मिला अतीत, यादों के खुलते गए पन्ने

जासं • लखनऊ : लवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में रविवार को एक अलग ही नजारा रहा। लखनऊ यूनिवर्सिटी बाटनी डिपार्टमेंट एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से आयोजित एल्युमिनाई मीट में पूर्व छात्र-छात्राएं पहुंचे, तो यादों के पन्ने खुलते गए। मुख्य आकर्षण 1975 बैच के पूर्व छात्रों का गोल्डन जुबली वर्ष रहा, जिसमें पूर्व छात्रों ने अपने सुनहरे दिनों की यादें साझा कीं। यह एल्युमिनाई मीट सभी के लिए न केवल यादों को ताजा करने का अवसर था, बल्कि नई पीढ़ी के साथ अनुभव साझा करने का अनूठा मंच भी।

शुरुआत में शोधार्थियों और छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शोधार्थियों ने हास्य नाटक 'पीएचडी का मतलब: पागल होकर देखो' से सभी को खूब गुदगुदाया। पूर्व छात्रों ने लवि में बिताए अपने दिनों के किस्से साझा किए। डा. कुलदीप सक्सेना (1968 बैच) ने विभाग को 25 हजार रुपये का चेक देकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कहा कि यह विभाग सिर्फ शिक्षा नहीं, जीवन के मूल्य सिखाने वाला मंच रहा है। 1975 बैच के छात्र महेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज यहां आकर ऐसा लग रहा है जैसे पुरानी किताब का कोई सुंदर अध्याय फिर से खुल गया हो।

वहीं, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने अपने रिसर्च अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां शुगर पर रिसर्च के लिए बालू में गन्ना उगाने का प्रयोग किया, जो आज भी याद है। प्रो. जोबा चटर्जी, जो इस विभाग की छात्रा से फैकल्टी बनीं, ने भावुक होकर कहा कि मैंने जो कुछ सीखा, उसे अपने विद्यार्थियों तक पहुंचाने की कोशिश की।

विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। पूर्व छात्रों में डा. जेके सिंह (प्रोफेसर, क्रिश्चियन कालेज), डा. नीरजा झा, प्रो. जसवंत सिंह, प्रो. प्रमोद टंडन (पद्मश्री), प्रो. वाईके शर्मा (सेवानिवृत्त संकाय, वनस्पति विज्ञान विभाग), प्रो. मुन्ना सिंह यादव (पूर्व विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग), डा. डीके उपेती (प्रधान वैज्ञानिक, एनबीआरआइ), डा. रचना मिश्र, डा. पीके सिंह (प्रधान वैज्ञानिक, एनबीआरआइ), रतन मणि लाल शामिल रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में हुई एल्युमिनाई मीट में शामिल पूर्व छात्र प्रो. जसवंत सिंह, डा. विवेक पांडेय और प्रो. गौरी सक्सेना • जागरण

वनस्पति विज्ञान विभाग में एल्युमिनाई मीट में पूर्व छात्र • जागरण

एल्युमिनाई मीट में गोल्डन जुबली वर्ष के पूर्व विद्यार्थी प्रो. जोबा चटर्जी, डा. सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रतनमणि लाल, महेंद्र कुमार अग्रवाल • जागरण

TOI PAGE 7

LU, DSMNRU celebrate Youth Day with Vivekananda lessons

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Experts shared the life and philosophy of Swami Vivekananda with students during events organised on National Youth Day, the birth anniversary of Swami Vivekananda, at Lucknow University and Dr Shakuntala Misra National Rehabilitation University on Sunday.

"Vivekananda believed that the key to success is to keep trying with determination and resilience, even when faced with obstacles. Every student who wants to succeed in life should read and follow the teachings of Swami Vivekananda," said LU vice-chancellor Prof Alok Rai while garlanding Vivekananda's statue.

On the occasion, LU's director of Sanskriti Board, Professor Anchal Srivastava,emphasized how Swami Vivekananda's teachings remain a source of inspiration for the youth.

She said that to commemorate the occasion, competitions such as debates, extempore speeches, and essay writing are planned. However, due to ongoing examinations, these competitions will be held on Jan 15.

Meanwhile, at DSMNRU, a special event was organised at the university's library, during which vice-chancellor Prof Sanjay Singh and university teachers shared how Vivekananda's teachings can bring about positive changes in everyone's life and help one attain success.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

ताजिकिस्तान दूतावास नई दिल्ली में लविवि के कुलपति का स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ताजिकिस्तान दूतावास के चार्ज डी अफेयर्स, श्री हबीबल्लो मिजोडोजा, ने आज नई दिल्ली में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर आलोक कुमार राय और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इसके बाद काफी देर तक चली बैठक में भारत और ताजिकिस्तान के बीच शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कदम उठाने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान, प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने चार्ज डी अफेयर्स श्री हबीबल्लो को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल के ताजिकिस्तान यात्रा के ब्लूप्रिंट की जानकारी दी ,और बताया कि द्विपक्षीय अकादमिक और सांस्कृतिक सहयोग के दृष्टगत यह प्रतिनिधिमंडल शैक्षिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और दोनों देशों के शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र के बीच छात्रों और शिक्षाविदों के संबंधों के अवसरों पर चर्चा ,विमर्श करके कार्ययोजना बनाएगा।

इस बैठक में दोनों देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रहन सहन और व्यंज